# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


## कनाडा ने चीन को दिया तगड़ा झटका, हिकविजन पर लगाया बैन।

Publisher Published on 28 Jun 2025



# राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा बताते हुए कनाडा ने चीन की निगरानी उपकरण बनाने वाली कंपनी हिकविजन के सभी ऑपरेशंस को बंद करने का आदेश दिया।

**कनाडा की सख्ती, चीन की हिकविजन पर बड़ा प्रतिबंध**

**कनाडा : कनाडा सरकार** ने चीन की मशहूर सर्विलांस उपकरण निर्माता कंपनी **हिकविजन (Hikvision)** पर बड़ा एक्शन लेते हुए उसे देश में सभी ऑपरेशंस तुरंत बंद करने का आदेश दिया है। यह कदम **राष्ट्रीय सुरक्षा** को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

**कनाडा की उद्योग मंत्री मेलोनी जोली** ने शुक्रवार (27 जून) को प्रेस वार्ता में बताया कि यह फैसला **खुफिया** और **सुरक्षा एजेंसियों** की रिपोर्ट के बाद लिया गया है। उन्होंने कहा कि हिकविजन का संचालन कनाडा की डिजिटल और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

**हिकविजन पहले से विवादों में**

१. **हिकविजन कंपनी पहले भी कई देशों की निगरानी एजेंसियों की रडार पर रही है**।

२. **अमेरिका पहले ही हिकविजन को ब्लैकलिस्ट कर चुका है**।

३. **यूरोपीय यूनियन भी इस पर निगरानी और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप लगा चुका है**।

आरोप है कि हिकविजन के उत्पादों का इस्तेमाल **चीन सरकार** द्वारा **उइगर मुसलमानों** की निगरानी और उत्पीड़न के लिए किया गया है। यह प्रतिबंध केवल तकनीकी नहीं बल्कि एक **राजनयिक संदेश** भी है कि कनाडा अब **साइबर सुरक्षा** और **डिजिटल संप्रभुता** से कोई समझौता नहीं करेगा।

**चीन-कनाडा रिश्तों मे बढ़ सकता है तनाव**

१. **कनाडा और चीन के संबंध पहले से ही तनावपूर्ण है।**

२. **हुवावे विवाद**

३. **हांगकांग नीति पर मतभेद**

**दो कनाडाई नागरिकों की चीन मे गिरफ्तारी**

इन सभी ने दोनों देशों के रिश्तों में खटास बढ़ाई है। अब हिकविजन पर यह प्रतिबंध कूटनीतिक टकराव को और तेज कर सकता है।

**बीजिंग संभवतः** इस कदम को **राजनीति से प्रेरित** बता सकता है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार और **राजनयिक संवाद** और अधिक प्रभावित हो सकते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.